राजभाषा अधिनियम का कार्यान्वयन

1079. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह पता लगाने के लिए कभी कोई प्रयास किया गया है कि राजभाषा अधिनियम के उपबंधों और हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के वार्षिक कार्यक्रम का शत-प्रतिशत कार्यान्वयन अभी तक क्यों नहीं किया गया है ;

(ख) राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष और सदस्यों तथा हिन्दी अनुभाग की फाइलों को छोड़कर, ऐसी फाइलों की संख्या कितनी है जिनमें राजभाषा में अर्थात् हिन्दी में काम किया जा रहा है;

(ग) मंत्रालय के अधीन सरकारी क्षेत्र के कितने उपक्रम काम कर रहे हैं और प्रत्येक उपक्रम में राजभाषा से संबंधित कार्य के बारे में क्या स्थिति है; और

(घ) मंत्रालय में हिन्दी, अंग्रेजी और द्विभाषी कम्प्यूटरों, टेलेक्सों, टेलीप्रिंटरों आदि की संख्या कितनी है ?

विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज) : (क) इस मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति की बैठकों में और राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बठकों में भी नियमित रूप से इसका मूल्यांकन किया जाता है।

(ख) ऐसी 349 फाइलें हैं। इस विषय में यह कहा जा सकता है कि इस मंत्रालय के राजभाषा खण्ड और विधि साहित्य प्रकाशन विभाग का सभी कार्य हिन्दी में होता है। यह भी उल्लेखनीय है कि संविधान के अनुच्छेद 348 को ध्यान में रखते हुए, विधायी विभाग में, विधेयकों, अध्यादेशों, विनियमों का प्रारूपण, कानूनी नियमों और आदेशों की संवीक्षा संबंधी कार्य अंग्रेजी में किया जाता है। इसी प्रकार विधि कार्य विभाग में, जहां तक सलाह और उच्च न्यायालय तथा उच्चतम न्यायालय में सरकारी मुकदमों का संबंध है, वह अंग्रेजी में ही किया जाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त निर्वचन आदि की बाबत अन्य विभागों द्वारा विधि कार्य विभाग से मांगी गई सलाह संबंधी कार्य भी साधारणतया अंग्रेजी में किया जाता है।

(ग) मंत्रालय के अधीन कोई ऐसा उपक्रम कार्यरत नहीं है।

	अंग्रेजी	द्विभाषीय योग	
कम्प्यूटर	4	1	5
टेलेक्स मशीन	1	—	1

Posting of Malayalam knowing Personnel in Gulf Countries

1080. SHRI M. A. BABY: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government have received any request from Kerala for appointing Malayalam knowing personnel in the Indian missions in Gulf countries due to the fact that large number of Indians working there are Malayalies; and

(b) if so, the steps taken in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI K. NATWAR SINGH): (a) Yes, Sir.

(b) In accordance with Governments well established policy of Basing foreign postings on functional cpnsiderations, several Malayalam knowing officers are already in position at various levels in Missions in Gulf countries.

राजभाषा अधिनियम का कायान्वयन

1081. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह पता लगाने के लिए कभी कोई प्रयास किया गया है कि